कार्यालय, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या– 11/06/ई–2/2024–25
प्रयागराजः दिनांक 09 अगस्त, 2024

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या ए–3/ई–1/2024, दिनांक 10–04–2024 के द्वारा विज्ञापित **सम्मिलित राज्य कृषि सेवा (प्रा0) परीक्षा–2024** के संदर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा **दिनांक 18 अगस्त, 2024 (रविवार) को एक सत्र में (पूर्वाह्न 09:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक) प्रदेश के 05 जनपदों यथा– प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर नगर एवं मेरठ** के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के **प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।** अभ्यर्थी अपने **ओ0टी0आर0** नम्बर के द्वारा प्रवेश–पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई0डी0प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पहले प्रवेश बन्द कर दिया जाएगा।**

(ओंकार नाथ सिंह)
अनुसचिव।